भारत सरकार
Government of India
केन्द्रीय जल आयोग
Central Water Commission
बाढ़ पूर्वानुमान प्रबोधन निदेशालय
Flood Forecast Monitoring Directorate

Tele : 011-29583829, 29583545

e-mail : fmdte@nic.in, ffmcwc@gmail.com

भू तल, विंग 7 , पश्चिमी खण्ड–2,
रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली–110066

विषय : दिनांक 18/09/2024 की समाचार की कतरन ( News Clippings ) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।

मानसून/ बाढ़ सम्बन्धी समाचारों की कतरन ( News Clippings ) अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं :

सलंग्न : उपरोक्तानुसार

Mahima
18/09/2024
~~(सहायक निदेशक)~~ EAD (HM)

~~उपनिदेशक~~ 18/09/2024

निदेशक (बा.पू.प्र.)

हिन्दुस्तान - (18-09-2024)

# पूर्वांचल में बाढ़ से हालात बिगड़े

मौसम की मार

वाराणसी, हिन्दुस्तान टीम। गंगा-सरयू में उफान के बीच पूर्वांचल में सोमवार देर रात शुरू हुई बारिश से कई जिलों में हालात बिगड़ गए हैं। हाईवे और संपर्क मार्गों पर जलजमाव से आवागमन पर असर पड़ा है।

इस बीच बनारस, गाजीपुर, मिर्जापुर और भदोही में गंगा स्थिर हो गई हैं जबकि बलिया में हालात बेकाबू है। लोग सुरक्षित स्थानों की ओर रुख कर रहे हैं। सोनभद्र के ओबरा बांध में जलस्तर बढ़ने से पांच फाटक खोलने पड़े। बनारस में मंगलवार को 65.2 एमएम बारिश हुई। यहां स्थिर होने से पहले गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से आधा मीटर नीचे था। अब तक 400 से ज्यादा परिवारों ने राहत शिविरों में शरण ले रखा है। शहर के दर्जनभर मोहल्ले और 20 गांवों के लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। सुबह एयरपोर्ट पर रनवे की दृश्यता कम होने से विमान संचालन पर भी असर पड़ा। बलिया में गंगा नदी खतरा बिंदु से 1.88 मीटर ऊपर बह रही हैं।



प्रयागराज में गंगा में फंसे मुछआरों का बचाने की तैयारी करती एसडीआरएफ।

## प्रयागराजः गंगा में फंसे मछुआरों को बचाया

फाफामऊ (प्रयागराज)। थरवई के धरमपुर उर्फ घुरवा गांव के समीप मंगलवार सुबह एक दर्जन मछुआरे उफनाई गंगा की लहरों में फंस गए। लगभग छह घंटे तक मछुआरों की जान अटकी रही। सूचना पर एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें पहुंचीं। जवानों ने सभी मछुआरों को सुरक्षित बाहर निकाला।